an>

Title: Need to ensure growth of small and micro industries under 'Make in India' mission for overall development of the economy.

श्री हरिओम सिंह राठौड़ (राजसमन्द) : माननीय अध्यक्ष महोदया, 'मेक इन इंडिया' मिशन के तहत अभी तक वृहत एवं विदेशी निवेश आधारित उद्योगों पर ही ध्यान केन्द्रित किया गया है, जबकि देश की परिस्थितियों के आधार पर स्पष्ट है कि लघु उद्योगों, एग्रो बेस्ड उद्योगों पर ध्यान देने से इस मिशन की सफलता त्वरित की जा सकती है। कैसी विडम्बना है कि खाद्य तेल पर आयात की निर्भरता बढ़ रही है, वहीं देश में तेल व दाल मिलें बंद हो रही हैं। अतः इस संबंध में अध्ययन कर उचित नीति के प्रतिपादन की आवश्यकता है। जापान, चीन आदि का विकास लघु एवं सूक्ष्म उद्योगों द्वारा ही संभव हुआ। मेक इन इंडिया मिशन को लघु एवं सूक्ष्म औद्योगिक जगत में लोकप्रिय करने हेतु लघु भारती का सहयोग लिया जा सकता है, जिनका कार्य क्षेत्र सभी राज्यों में कुल मिलाकर 400 जिलों में व्याप्त है।

अतः सदन के माध्यम से मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि 'मेक इन इंडिया' मिशन को सफल बनाने के लिए भारतीय आवश्यकताओं की पूर्ति के अनुरूप लघु एवं सूक्ष्म उद्योगों को उनकी नीति बनाकर अगर प्रोत्साहन प्रदान किया जाता है तो माननीय प्रधानमंत्री के मिशन 'मेक इन इंडिया' की सफलता को कम समय में पूरा किया जा सकता है। धन्यवाद। ...(व्यवधान)